an>

Title: Need to make provision for acquisition of land to construct quality roads under MGNREGA.

डॉ. भागीरथ प्रसाद (भिंड) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार की प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना बहुत ही लोकप्रिय योजना है, इसके अंतर्गत स्थानीय रास्तों पर ही सड़क निर्माण किया जाता है। परिणामस्वरूप गांवों के गहरे रास्तों में टेढ़ी-मेढ़ी सड़के बनती हैं और इस प्रक्रिया में सड़क निर्माण की लागत भी ज्यादा आ जाती है और वाहनों के आवागमन के लिए असुविधाजनक और खतरनाक स्थिति पैदा हो जाती है। इन सड़कों के निर्माण में सीधी सड़क बनाने के लिए निजी जमीनों के लिए भूअर्जन की व्यवस्था नहीं है, परिणामस्वरूप प्रशासन भी लापरवाह होकर प्रचलित रास्तों पर जलेबी के आकार में सड़कें निर्माण करता है और उनकी गुणवत्ता भी ठेकेदारों के भरोसे छोड़ दी जाती है।

मैं माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि आवागमन की दृष्टि से इन सड़कों को सीधा और यातायात के अनुकूल होना आवश्यक है। अतः जहां आवश्यक हो, वहां बजट की राशि में से लगभग 20 परसैन्ट राशि भूअर्जन के लिए सुनिश्चित की जाए, जिससे सीधी सड़कें बनने से धन की बचत भी होगी और सड़कें भविष्य में सुविधाजनक और दुर्घटनामुक्त भी बन सकेंगी और प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारी समझकर गुणवत्तापूर्ण यातायात के अनुकुल सड़क निर्माण के लिए सक्षम होगा। धन्यवाद।